न्यायांलय उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर (अलवर) राज0

पीठासीन अधिकारी :– पंकज बडगूजर (R.A.S.)

प्रार्थना पत्र सख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
17/2021	10.02.2021	11.12.2021

उनवान

1. लालचन्द पुत्र श्री लक्खीराम जाति जाट निवासी सुन्दरवाडी तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

–: प्रार्थी

बनाम

1. राज्य सरकार जरियें तहसीलदार महोदय मुण्डावर जिला अलवर, राज0।

–: अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 136 भू राजस्व अधिनियम 1956

....

वकील प्रार्थी :– श्री भूपेश चौधरी

–: निर्णय :–

दिनांक :– 11.12.2021

आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 11.12.2021 में पेश हुई। प्रार्थना पत्र धारा अन्तर्गत 136 भू0 राजस्व अधिनियम 1956 के जरिर्ये आराजी खसरा नम्बर 105 रकबा 0.25 है0, 106 रकबा 0.25, 220 रकबा 0.33 है0 वाके ग्राम सुन्दरवाडी तहसील मुण्डावर जिला अलवर में प्रार्थी अपना नाम डालचन्द के स्थान पर लालचन्द दर्ज करवाना चाहता है।

प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में डाईवर लाईशस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं का हल्फनामा पेश किये गये। पत्रावली शामिल है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर [illegible] पटवारी की जॉच रिपोर्ट ली गई, हल्का पटवारी द्वारा अपनी रिपोर्ट में अ[illegible] कर[illegible]या है कि डालचन्द व लालचन्द पुत्र लक्खीराम दोनो नाम के व्य[illegible] है।

उभयपक्ष की सुनी गई, दौरान बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्रों के जिम्मनों को दौहराते हुए आराजी खसरा नम्बर 105 रकबा 0.25 है0, 106 [illegible] 0.25, 220 रकबा 0.33 है0 वाके ग्राम सुन्दरवाडी तहसील मुण्डावर जिला अलवर में डालचन्द के स्थान पर लालचन्द

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.26 15:40:45 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

दर्ज किये जाने का निवेदन किया। वकील प्रार्थी की ध्यानपूर्वक बहस सुनी गई एवं प्रस्तुत रिकॉर्ड एवं दस्तावेजात के गहनता से अध्ययन करने पर पाया कि प्रार्थी का नाम दस्तावेजात में डालचन्द न होकर लालचन्द दर्ज है। परन्तु राजस्व रिकोर्ड में गांव में बुलाने वाला नाम डालचन्द दर्ज है। उक्त दस्तावेजात के आधार पर यह न्यायालय प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार योग्य पाता है।

—:: आदेश ::—

अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में स्वीकार किया जाता है एवं हाल आराजी खसरा नम्बर 105 रकबा 0.25 है0, 106 रकबा 0.25, 220 रकबा 0.33 है0 वाके ग्राम सुन्दरवाडी तहसील मुण्डावर जिला अलवर में अंकित प्रार्थी का नाम डालचन्द पुत्र लक्खीराम के स्थान लालचन्द पुत्र लक्खीराम दर्ज रिकॉर्ड किये जाने के आदेश दिये जाते है। उपरौक्तानुसार हाल राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद किये जाने हेतु तहसीलदार, मुण्डावर को अहकाम जारी हो।

यह निर्णय आज दिनांक 11.12.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी कर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

उपखण्डाधिकारी मुण्डावर (अलवर) राज०

(पंकज बडगूजर)
उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.26 15:40:45 IST
Reason: SelfAttested